जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

चूरू

Rashtradoot

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 वर्षः 15 संख्याः 203 प्रभात चूरू, मंगलवार 21 नवम्बर, 2023 पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.




# भाजपा हाई कमान ने ज्यादा मैच्योरिटी (समझदारी) से "हैण्डल" की बागियों की चुनौती




## फाइनल्स में (2024 के लोकसभा चुनाव में) यह मैच्योर हैंडलिंग भारी "एडवांटेज" साबित होगी भाजपा के लिये

-विशेष प्रतिनिधि द्वारा-

जयपुर, 20 नवम्बर। विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा की आंतरिक स्थिति ज्यादा जटिल व पेचेदगी पूर्ण रही, कांग्रेस की तुलना में। कई मुख्यमंत्री पद के "उम्मीदवार" थे भाजपा में, और इससे भी ज्यादा बड़ी चुनौती व दुविधा थी पूर्व मु.मंत्री वसुंधरा राजे को पूर्णतया बागी नहीं होने देना, पर, यह भी स्पष्ट मैसेज देना कि, हाई कमान उनसे "खुश" नहीं तथा हाई कमान उन्हें संभवतया मु.मंत्री पद पर स्वीकार करने का इच्छुक नहीं।

उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट में हाई कमान ने यह भी "इम्प्रेशन" बनने दिया कि, वसुंधरा राजे के समर्थकों को लगभग चालीस टिकट मिले। पर, उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी होने के बाद, जब यह भी स्पष्ट हो गया कि, वसुंधरा के "जिहादी जत्थे" (सबसे वफादार समर्थकों) जैसे परनामी, यूनुस खान और राजपाल सिंह को टिकट नहीं मिला है तो, वसुंधरा जी के खेमे में मायूसी छायी तथा वसुंधरा जी को भी शायद स्पष्ट हो गया कि, हाई कमान उन्हें मु.मंत्री के रूप में देखना नहीं चाहता। पर, अपने चालीस समर्थक, जिन्हें टिकट मिले हैं, को जिताने के प्रयास में उन्हें जुटना ही पड़ा। लेकिन, मजे की बात यह है कि, ये चालीस समर्थक जिन्हें टिकट मिल हैं, वे पूर्णतया वसुंधरा जी के खेमे के लोग नहीं हैं। इन लोगों ने सभी बड़े भाजपा नेताओं के, हाई कमान के भी पूरे चक्कर खाये हैं टिकट पाने के लिये तथा नेताओं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




# आज प्र.मंत्री का जयपुर में रोड शो

जयपुर, 20 नवंबर (का.सं.)। मरुधरा का रण जीतने के लिए अब प्रदेश की कमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी तरह अपने हाथ में ले ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार जयपुर में रोड शो के माध्यम से जनता से वोट की अपील करेंगे।

लोकसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री ने वाराणसी में रोड शो किए थे और उसके बाद हाल ही में गुजरात में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में लगभग सभी संभागों में रोड शो के आयोजन हुए थे। गुजरात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो द्वारा भाजपा को सफलता हासिल हुई थी, और अब राजस्थान की राजधानी जयपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो का आयोजन मंगलवार शाम को किया जाएगा। परकोटे में लगभग पांच किलोमीटर का रोड शो होगा।

- प्रधानमंत्री मोदी परकोटे में 5 किलोमीटर लम्बा रोड शो करेंगे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बीकानेर में मोदी का रोड शो: लोगों ने कहीं फूल बरसाए, तो कहीं आरती उतारी

- पाली की विशाल आमसभा में मोदी ने कहा, पाली के भाजपा कार्यकर्ता और सोजत की मेहंदी का रंग कभी उतरता नहीं है।
- पीलीबंगा की विशाल आमसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने, श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ जिले के नशे के तस्करों को जेल भेजने की गारंटी दी।

बीकानेर, 20 नवम्बर (कासं)। बीकानेर में प्रधानमंत्री मोदी रोड शो में भारी भीड़ उमड़ी। जूनागढ़ से शुरु हुआ साढ़े चार किलोमीटर का रोड शो, एक घंटा चला। खुली जीप में सवार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दोनों और खड़े भारी जनसमूह का अभिवादन किया लोगों ने मोदी-मोदी के नारे से आसमान गुंजा दिया। रोड शो जुनागढ़ के आगे से शुरू होकर सादुल सर्किल, हैड पोस्ट आफिस, जस्सूसरगेट, एम.एम. ग्राउण्ड होते गोकुल सर्किल पहुंचा। रास्ते भर में रोड शो का जगह जगह पर स्वागत किया गया। लोग प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए घंटों तक इंतजार में खड़े रहे।

रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री मोदी पर कहीं पुष्प वर्षा की गई तो कहीं दीपकों से सजी थाली से महिलाओं ने मोदी की आरती उतारी। रोड शो में वाहन पर सवार मोदी कुछ नहीं बोले, केवल हाथ हिलाते लोगों का कभी हाथ हिलाकर कभी हाथ जोड़कर अभिवादन करते रहे। रोड शो के दौरान मोदी के पास पार्टी का सिम्बल कमल का फूल और केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ही रहे। सड़क के दोनों और लगे बैरिकेड्स को भाजपा के झंडे के रंग के कपड़ों से सजाया गया था तथा हरे-केसरिया गुब्बारे लगाए गए थे।

मोदी ने सोमवार को पाली-सोजत राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाडन गांव स्थित ओम विश्वदीप गुरुकुल आश्रम में विशाल सभा को संबोधित किया। मोदी सोमवार अपरान्ह लगभग 12.05 बजे आर्मी के तीन हैलिकॉप्टर घेरे में जाडन पहुंचे। उन्होंने कहा कि "पाली का भाजपा कार्यकर्ता और सोजत की मेहंदी का रंग नहीं उतरता।" मोदी ने कहा, राज्य के लोग भाजपा को सत्ता में लाने के लिए आतुर हैं। भाजपा राज्य के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

